ANCIENT INDIAN HISTORY & ARCHAEOLOGY, PATNA UNIVERSITY, PATNA

What is Research?

Pre- Ph.D Course Work

Paper - Research Methodology

Dr. Manoj Kumar

Assistant Professor (Guest)

Dept. of A.I.H. & Archaeology,

Patna University, Patna-800005

Email- dr.manojaihcbhu@gmail.com

What is Research?

सामाजिक क्षेत्र में प्रश्नों के उत्तर खोजने के क्रमबद्ध एवं सुव्यवस्थित प्रयास को सामाजिक शोध, अनुसंधान, अन्वेषण या खोज कहा जाता है । शोध शब्द अंग्रेजी के शब्द रिसर्च (Research) से बना है जिसका अर्थ होता है बार-बार खोजना । अर्थात शोध या रिसर्च दो शब्दों Re + Search से मिलकर बना है जिसका आशय होता है बार-बार खोजना । इसमें दो भौतिक गुणों की प्रधानता पाई जाती है –

1. प्रथम अवलोकन अर्थात ऑब्जरवेशन जिसके द्वारा घटना या व्यवहार को उद्देश्यपूर्ण दृष्टि से देखना और
2. दूसरा परीक्षण - प्राप्त तथ्यों के अर्थ को समझकर घटना के पीछे छिपे कारकों को परखना है ।

इन दोनों गुणों को ध्यान में रखकर जो ज्ञान प्राप्त किया जाता है उसे विश्वसनीय एवं प्रामाणिक माना जाता है । इस प्रकार ज्ञान को संचित करने की संपूर्ण प्रक्रिया को ही शोध के नाम से जानते हैं । वैज्ञानिकों ने धीरे-धीरे विश्वसनीय एवं प्रमाणिक ज्ञानार्जन हेतु शोध की पद्धति का आविष्कार किया जिसे वैज्ञानिक विधि कहते हैं । प्रत्येक शोध अध्ययन किसी न किसी प्रश्न, समस्या या घटना को लेकर प्रारंभ किया जाता है ।

What is Research?

शोध की परिभाषा :

दी न्यू सेंचुरी डिक्शनरी “शोध का अर्थ किसी वस्तु अथवा व्यक्ति के विषय में विशेष रूप से सतर्कता के साथ खोज करना तथ्यों या सिद्धांतों का परीक्षण करने के लिए विषय सामग्री की लगातार जानकारी प्राप्त करने से है ।“

ए.बी. रोडमन एवं ए. बी. एच. मोरी “नवीन ज्ञान प्राप्ति के व्यवस्थित प्रयास को शोध कहते हैं ।“

जॉर्ज ए. लुण्डवर्ग “अनोखे तथ्य का सुव्यवस्थित एवं वस्तुपरक वर्गीकरण, सामान्यीकरण और प्रमाणीकरण ही शोध है ।“

जी.एम. फिशर “किसी समस्या को हल करने या किसी परिकल्पना की जांच करने या नवीन घटना में पाए जाने वाले नए पहलुओं की खोज करने हेतु उपयुक्त विधियों का एक सामाजिक परिस्थिति में जो उपयोग किया जाता है उसे शोध कहते हैं ।“

शोध की विशेषताए :-

शोध में निम्नलिखित विशेषताओं का समावेश होता है-

1. यह घटनाओं, व्यवहार एवं समस्याओं का सूक्ष्म अध्ययन है ।
2. इसमें वैज्ञानिक विधियों एवं उपकरणों का प्रयोग होता है ।

3. नवीन विचारों, तथ्यों, सिद्धांतों एवं विधियों की खोज का एक साधन है।
4. शोध समस्या से संबंधित यह सामाजिक, व्यवहारिक समस्याओं के हल निकालने में प्रयोग की जाती है।

शोध के उद्देश्य :-

शोध या अन्वेषण करने का मुख्य उद्देश्य समस्या का हल निकालने से है। इसके मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं-

1. नवीन तथ्यों की खोज करना।
2. पुराने तथ्यों की पुष्टि और जांच करना।
3. सैद्धांतिक संदर्भ संरचना के अंतर्गत उनके अनुक्रमों, पारस्परिक संबंधों व कारणों की विवेचनात्मक व्याख्या करना।
4. नए वैज्ञानिक उपकरणों व सिद्धांतों को विकसित करना।
5. भूतकालीन घटनाओं या तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर वर्तमान में भविष्य के लिए परिकल्पना तैयार करना।
6. राज्य, समाज, देश के समुचित विकास में भागीदारी करना।

शोध का क्षेत्र :-

शोध करने की कोई सीमा नहीं है, शोध किसी भी क्षेत्र में किया जा सकता है। सामाजिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक किसी भी क्षेत्र में शोध किया जा सकता है।